>

Title: Need to accord approval to the proposal for electrification of villages in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): देश की बढ़ती आबादी को देखते हुए 50 से 100 घर के समूह पर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को लागू करना चाहिए । मेरे संसदीय क्षेत्र के दो जिलों में ऐसे बहुत गाँव एवं पुरवें छूटे हुए हैं जिसमें उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए प्रस्ताव (कार्य योजना) भेजा गया है लेकिन दुर्भाग्य से आज 5 वÂाॉ में एक भी गांव का विद्युतीकरण राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से स्वीकृत नहीं किया गया है । केन्द्र सरकार ऐसे गाँव, पुरवों की खोज कराकर विद्युतीकरण कराएं ।